भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2603

उत्तर देने की तारीख: 18.03.2021

देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान

2603 **श्रीमती फूलो देवी नेतम**:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा अनुसंधान और विकास को सशक्त बनाने के लिए किये गए प्रयासों के बावजूद देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) सरकार ने सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में इस संकट से निपटने के लिए कौन से उपाय किये हैं/उपाय कर रही है;

(घ) विगत 5 वर्षों से विज्ञान और प्रौद्योगिकी अनुसंधान की तुलना में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ङ) क्या सरकार देश में सामाजिक विज्ञान के और अधिक संस्थान स्थापित करने का इरादा रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग): देश में पिछले **5** वर्षों के दौरान सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है। स्कोपस के अंतर्राष्ट्रीय डेटाबेस के अनुसार, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में भारत दक्षिण एशियाई देशों में प्रथम स्थान पर है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 8 वें स्थान पर है। साथ ही, भारत में प्रकाशित शोध पत्र वर्ष 2015 में 10,500 थे जोकि अक्टूबर 2020 में बढ़कर 25,811 हो गए। इसके अलावा, उच्च शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को **सहायता** देने तथा नीति निर्माण में मार्गदर्शन हेतु अनुसंधान को समर्थ बनाने के लिए 'इम्पैक्टफुल पॉलिसी रिसर्च इन सोशल साइंस **(इम्प्रेस)**' योजना शुरू की गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग **(यूजीसी)** द्वारा भी देश में अनुसंधान और विकास को सशक्त बनाने के तथा सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में महत्वपूर्ण सुधार जैसे अन्य उद्देश्यों के लिए एक योजना स्ट्राइड **(स्कीम फॉर ट्रांस-**डिसीप्लीनरी रिसर्च फॉर इंडियाज़ डेवलपिंग इकॉनमी) शुरू की है।

(घ)**:** सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा अपने अनुसंधान परिषदों जैसे आईसीएसएसआर, दिल्ली, आईसीएचआर, दिल्ली और आईसीपीआर, दिल्ली आदि के माध्यम से विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं जिसके लिए **2015-16** से **2019-20** के दौरान **1,119.31** करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। **शिक्षा मंत्रालय** विभिन्न योजनाओं जैसे (**i**) नेशनल इनिशिएटिव फॉर टेक्नालॉजी ट्रांसफर (शोध पार्कों की स्थापना), (**ii**) इम्पैक्टिंग रिसर्च इनोवेशन एंड टेक्नालॉजी (इंप्रिंट), (**iii**) उच्चतर आविष्कार योजना (यूएवाई) और (**iv**) उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के अधीन आईआईटी, आईआईआईटी आदि के माध्यम से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा भी देता है जिसके लिए 2015-16 से 2019-20 के दौरान क्रमश: 266.10 करोड रूपए, 219.21 करोड़ रूपए, 150.00 करोड़ रूपए तथा 23.35 करोड़ रूपए प्रदान किए गए है।

(ङ)**:** वर्तमान में, देश में कोई नया सामाजिक विज्ञान संस्थान स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव शिक्षा मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

*****